**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-18 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 18 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि निदेशक (तकनीकि) म0वि0वि0नि0लि0 लखनऊ की डायरी सं0-ए8821/प्रनि/ मविविनिलि/शिविर दिनांक 01.11.2023 जो बिजली के टेढे पोल को ठीक कराने के सम्बन्ध में था प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त टेढे पोल को ठीक करा दिया गया है, तथा उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? | दिनांक 26.01.2024 को क्षेत्रीय अवर अभियन्ता उक्त विद्युत पोल को ठीक कराने हेतु सम्बन्धित स्थल पर गये थे परन्तु मौके पर आस-पास के निवासियों द्वारा उक्त कार्य में लिखित आपति दर्ज कराते हुए कार्य को रुकवा दिया गया। मौके पर ही क्षेत्रीय अवर अभियन्ता द्वारा शिकायतकर्ता श्री रोशन शर्मा (मो0नं0-7651844010) से दूरभाष पर उपरोक्त विवाद की स्थिति से अवगत कराया गया। उक्त के क्रम में श्री रोशन शर्मा द्वारा कहा गया कि विवाद उत्पन्न कर रहे निवासियों से वह वार्ता करके आपसी सहमति बन जाने के उपरान्त विद्युत पोल स्थानान्तारित/ सीधा कराने हेतु अवगत करायेंगे, तत्पश्चात् ही विभाग द्वारा कार्य कराया जाये। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**